बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

विज्ञापन संख्या–65/2020 के संबंध में

आवश्यक सूचना

कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार के अंतर्गत सहायक संग्रहालयाध्यक्ष /शोध एवं प्रकाशन पदाधिकारी/सहायक निदेशक, (बिहार संग्रहालय सेवा) के पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–65/2020 के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन की हार्ड कॉपी (प्रमाण पत्रों की छायाप्रति सहित) आयोग कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 06.11.2020 निर्धारित थी। विज्ञापन संख्या–65/2020 के अंतर्गत वैसे 303 आवेदकों, जिनके आवेदन की हार्ड कॉपी आयोग कार्यालय में प्राप्ति की अंतिम तिथि 06.11.2020 तक प्राप्त नहीं है,की सूची आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है। ऐसे आवेदकों को सूचित किया जाता है कि अगर उन्होंने आयोग द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि तक ऑनलाईन आवेदन की हार्ड कॉपी आयोग को प्रेषित किया हो तो इस संबध में विहित प्रारूप में साक्ष्य (निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट की छायाप्रति) के साथ ऑनलाईन आवेदन की हार्ड कॉपी (प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ) आयोग को स्पीड पोस्ट से दिनांक–18.07.2021 तक निश्चित रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे। विहित प्रारूप आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है। आवेदक आश्वस्त हो लें कि संलग्न साक्ष्य की छायाप्रति स्पष्ट एवं पठनीय हो।

निर्धारित तिथि तक वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में विज्ञापन संख्या–65/2020 के लिए आपकी उम्मीदवारी रद्द मानी जाएगी तथा बाद में किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

5.7.21

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।